# POLICE COMMISSIONERATE

# GAUTAM BUDH NAGAR

## सराहनीय कार्य /प्रेस विज्ञप्ति - दिनांक 15.08.2025

**1. थाना फेस-3 पुलिस द्वारा परिवार को बंधक बनाने वाला अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से घटना में प्रयुक्त कार रजि0नं0- HR38AG7067 बरामद।**

**घटना का संक्षिप्त विवरण--** अभियुक्त द्वारा कार रजि0नं0- HR38AG7067 में एक परिवार को बन्धक बनाकर कर ले जा रहा था। उक्त प्रकरण में पुलिस द्वारा स्वयं संज्ञान लेते हुए अभियोग पंजीकृत किया गया।

**कार्यवाही का विवरण--** दिनांक **15.08.2025** को **थाना फेस-3** पुलिस द्वारा इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस व गोपनीय सूचना की सहायता से कार्रवाई करते हुए परिवार को गाड़ी में बैठाकर गाड़ी ना रोकने वाला अभियुक्त नासिम पुत्र शफी मौहम्मद को सहारा कट से **गिरफ्तार** किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त कार रजि0नं0- HR38AG7067 व 02 आधार कार्ड बरामद किये गये है।

**पूछताछ का विवरण--** पूछताछ के दौरान ज्ञात हुआ कि अभियुक्त वैगनार कार रजि0नं0- HR38AG7067 ऑनलाइन बुकिंग ऐप में चलाता है तथा छल करने की लिए अपना नाम सोनू बताता है, जबकि अभियुक्त का असली नाम नासिम है। दिनांक 14.08.2025 को अभियुक्त के पास सेक्टर-119 से ऑनलाईन बुकिंग आई, जिन्हें पिकअप किया व गाड़ी में बैठे परिवार के सदस्यों को पर्थला गोलचक्कर के आगें बंधक बनाकर निर्धारित मार्ग से हटकर अन्य मार्ग पर अपनी गाड़ी को तेजी से चलाने लगा। परिवार के सदस्यों द्वारा अभियुक्त की विडियों बनाने व जोर- जोर चिल्लाने के कारण अभियुक्त उन्हें टीपीनगर चौराहे पर ही छोड़कर भाग गया। अभियुक्त द्वारा अपनी कार से दोनों नाम के आधार कार्ड भी बरामद कराये गये।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण--**

नासिम पुत्र शफी मौहम्मद निवासी ग्राम हसावरी, थाना प्याला, पलवल (हरियाणा) वर्तमान पता सर्फाबाद, थाना सेक्टर-113 नोएडा, गौतमबुद्धनगर, उम्र 24 वर्ष, शिक्षा– 10वीं।

**बरामदगी का विवरण--**

1. घटना में प्रयुक्त कार रजि0नं0- HR38AG7067।
2. 02 आधार कार्ड।

**पंजीकृत अभियोग का विवरण--**

मु0अ0सं0- 329/2025 धारा 281/137(2)/127(2)/319/318(4)/336(2)/339/338 बीएनएस, थाना फेस-3, कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।